राजधानी
वर्ष 12 | अंक 113 | पृष्ठ : 18+8+8=34
मूल्य : चार रुपये
7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अमर उजाला

लखनऊ
शनिवार, 19 अक्तूबर 2019

amarujala.com | पलटवार | गोयल बोले, वामपंथी हैं नोबेल विजेता अभिजीत बनर्जी...10 | उत्तर प्रदेश

स्मार्ट स्ट्रीट में पेड़ों को मिली नई जिंदगी

लखनऊ। हुसडिया से ग्वारी के बीच करीब 110 मीटर में विकसित हो रही स्मार्ट स्ट्रीट अब पेड़ों को नई जिंदगी देने का काम भी कर रही है। पार्षद अरुण तिवारी के साथ इस प्रोजेक्ट से जुड़े पर्यावरणविद् डॉ. भरत राज सिंह ने बताया कि 15 दिन से यहां पेड़ों को एंटी-टर्माइट ट्रीटमेंट देने के साथ खराब भाग को हटाने से अब नई कपोलें जड़ों और तने के दूसरे भाग में निकलने लगी हैं। इससे मृतप्राय हो चुके पेड़ भी अब हरे-भरे होने लगे हैं। डॉ. सिंह ने बताया कि पेड़ों को नुकसान नहीं पहुंचाने वाले पेंट का उपयोग किया जा रहा है। ऐसा सिडनी, ऑस्ट्रेलिया में उन्होंने होते हुए पाया था। पेंट करने से जड़ों को कोई असर नहीं होता।